VISION IAS
J P 03 SEP 2019
RECEIVED

# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE: 1245)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | Manoj Kumar | | |
| Medium Eng./Hindi | Hindi | Registration Number | 62755 |
| Center | Jaipur | Date | 31-8-19 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |
| 13 | 20 | |
| 14 | 20 | |

**Total Marks Obtained:**

**Remarks:**

## INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
2. There are **FOURTEEN** questions printed in **ENGLISH**
3. **All questions are compulsory.**
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

# EVALUATION INDICATORS

1. **Contextual Competence**
2. **Content Competence**
3. **Language Competence**
4. **Introduction Competence**
5. **Structure - Presentation Competence**
6. **Conclusion Competence**

**Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:**

**1.**

**2.**

**3.**

**4.**

**5.**

**6.**

**All the Best**

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION – A

**Answer the following questions in not more than 150 words each:**

1. (a) Highlighting the attributes of leadership, analyse why it is important for a civil servant. (10)

नेतृत्व का गुण किसी लोक-सेवक में अपेक्षित आवश्यक गुणों में से एक है। नेतृत्व के गुण के आधार पर ही लोक सेवक द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का सम्पादन किया जाता है। उदाहरणार्थ-

नेतृत्व के निम्नांकित गुण पाए जाते है-

- संगठन को उद्देश्य प्राप्ति हेतु गतिशील करना एवं भूमिका का आंवटन करना

- नेतृत्व क्षमता के आधार पर सहकर्मी एवं अधीनस्थों में आशावादिता एवं कार्य के प्रति बद्धता का सर्जन करना उदाहरण- विपरीत या नकारात्मक दशा में मनोबल न खोने देना।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

- नेतृत्व गुण के रूप में रोल मॉडल के रूप में करते है जिनका अनुकरण कर 'कार्य-संस्कृति' का निर्माण होता है।

- भावनात्मक भिज्ञमता नेतृत्व का महत्व-पूर्ण गुण है जो उत्कृष्ट सामाजिक व्यवहार एवं सम्बंध प्रबंधन व्यवहार द्वारा संगठनात्मक उद्देश्य को संचालित करता है।

· प्रत्यायन, प्रभावी वाक् शैली, अच्छा श्रोता होना नेतृत्व के आधारिक गुण है जो नेतृत्वकर्ता एवं सम्बद्ध वर्ग में योजक-शक्ति का कार्य करती है। जिसके माध्यम से लोक सेवक अभिवृत्तिक परिवर्तन एवं कार्य सम्पादन में सक्षम हो पाता है।

वस्तुतः इन नेतृत्व के गुणों द्वारा लोक सेवक द्वारा कार्यों के निष्पादन एवं उनकी प्रभाविता में महत्वपूर्ण सुधार लाया जा सकता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. **(b)** A civil servant needs to be objective as well as empathetic. What do you understand by objectivity? Discuss its relationship with empathy. **(10)**

वस्तुनिष्ठता से तात्पर्य उपलब्ध एवं पूर्व निर्धारित मानकों, नियमों, विधि एवं संगठनात्मक उपबंधों के आधार पर लोक सेवक द्वारा निर्णयन करना है।

वस्तुनिष्ठता के प्रशासन में लाभ

1) नियम-प्रणाली की सशक्तता एवं पक्षपात-विहीनता युक्त समतापरक कार्य-संस्कृति का निर्माण

2) प्रशासकीय अनुशासन एवं निर्णयन में स्पष्टता के कारण सत्यनिष्ठा जैसे लोक-सेवा मूल्यों का संवर्द्धन

3. भ्रष्टाचार की रोकथाम

वहीं समानुभूति ऐसी भावनात्मक स्थिति है जिसमें लोक सेवक सेवितों के साथ भावनात्मक सहकार स्थापित करता है

उनकी आवश्यकता एवं पीड़ा को महसूस करते हुए उनके निदान हेतु क्रियात्मक हो जाता है निश्चित कदम उठाता है।

वस्तुनिष्ठता के साथ समानुभूति क्यों आवश्यक है?

1) लोक सेवक से यंत्र वत व्यवहार अपेक्षित नहीं है। नियमों का पीछे होना आवश्यक नहीं।

2) जो लोग कर्तव्य के बजाय सिद्धान्त पर बल देते है कर्तव्य अवहेलना के साथ सिद्धान्त भी खो देते है।

3) समानुभूति लोक सेवा के प्रति समर्पण को बढ़ाकर लोक सेवक को क्रिया-शील करती है।

वस्तुनिष्ठता-समानुभूति के पारस्परिक सम्बंध है कि यह एक दूसरे के लिए टार्च-बीयरर का कार्य करते हैं। वस्तुनिष्ठता वह परीधि प्रदान करती है जिसके अन्तर्गत समानुभूति से प्रेरित आचरण संभव एवं अपेक्षित है।
वस्तुत: इनका संतुलन सेवितो हेतु लाभकारी होगा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) With rapidly increasing use of information technology, what according to you is the role of ethics in cyber space? (10)

नीतिशास्त्र वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा संगठन / समाज के सदस्य के कार्यों की उचितता / अनुचितता के आधार पर उनके नैतिक - अनैतिक होने का निर्धारण किया जाता है।

वर्तमान में प्रौद्योगिकी विकास के साथ साइबर जगत जैसे नवीन पक्ष व्युत्पन्न हुए है एवं संचार क्रान्ति के चलते मानव जीवन में इनकी बढ़ती भागीदारी ने इस सम्बंध में नैतिक मानकों की मांग की है

नीतिशास्त्र की भूमिका

साइबर जगत में सामग्री, सामग्री तक पहुंच से सम्बंधित नैतिकता।

डिजिटल डिवाइड एवं समान पहुंच का नैतिक मुद्दा

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

साइबर जगत में अवांछनीय गतिविधियों (साइबर बुलिंग, स्टाकिंग, स्पूफिंग) का परित्याग करना

- साइबर जगत में व्यक्तिगत भूमिका के चलते व्यक्तिवाद एवं समुदायवाद में संतुलन स्थापित करना - व्यक्तिगत अलगाव की दशा में सामाजिक मूल्यों का आत्मसातीकरण।

- साइबर जगत की ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति को नियंत्रित कर सहिष्णुता को बढ़ावा

- लैंगिक - भिन्न मंच को संतुलित कर लैंगिक समता की स्थापना क्योंकि पुरुषों की पहुंच अधिक


- ट्रोलिंग, फेक-न्यूज, घृणा-भाषण इत्यादि पर अंकुश के उदारवादी माध्यम एवं प्रसारण पर रोक।

इस प्रकार नवीन आयामों के साथ साइबर जगत में नीतिशास्त्र की विशिष्ट भूमिका निर्वहन की आवश्यकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**2.** **(b)** Transparency in government organisations is an essential pre-condition for good governance. Elucidate. **(10)**

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सुझाये गये सुशासन के 8 स्वाधारों में से पारदर्शिता एक स्तम्भ है। यह न केवल बाकी 8 आधारों को आधार प्रदान करता है बल्कि उनकी सफलता एवं जांच की गारंटी प्रदान करता है।



Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

स्पष्टता हेतु खुलेपन के सन्दर्भ में सूचना के अधिकार का उदाहरण लेते हैं –

① प्रशासकीय इकाई द्वारा धारा (4) के तहत स्वाधार या मांगे जाने पर सूचना का प्रकटीकरण होगा।

② संविद वर्ग या सूचना आकांक्षी सूचना की जांच करेगा फलत: यह भाव लोक सेवकों में उत्तरदायित्व एवं वस्तुनिष्ठता का सृजन करेगी

③ संविदों में प्रश्न पूछने की संस्कृति के साथ भागीदारीता का निर्माण होगा जिसका उपयोग वह प्रशासन को फीडबैक प्रदान करने में करेगा।

④ फीडबैक द्वारा शासन की दक्षता में सुधार एवं नागरिक-केन्द्रित प्रशासन 'सुशासन' की स्थापना।

वस्तुत: पारदर्शिता एक गुणात्मक चक्र का निर्माण करती है जो क्रमिक रूप से सुशासन को संवर्धित करता है।

3. Given below are quotations of moral thinkers/philosophers. Bring out what they mean to you in the present context:

**(a)** A nation should not be judged by how it treats its highest citizens, but its lowest ones. Nelson Mandela **(10)**

राष्ट्र शब्द राज्य (शासन ईकाई) का
वृहित रूप है जो जनसंख्या, भू-भाग, सरकार
एवं सम्प्रभुता के साथ भावनात्मक लगाव
को प्रदर्शित करता है।

वस्तुतः एक राष्ट्र की जनता शासन को
शक्ति प्रदान करती है तो बदले में दायित्वों
का सृजन भी करती है। क्योंकि बड़ी शक्ति
बड़े उत्तरदायित्व के साथ आती है अतः राज्य
के कर्तव्य भी व्यापक है।

मंडेला महोदय के अनुसार राज्य का
दायित्व केवल धन-कुबेरों की स्थिति एवं
सहजता पर ध्यान केन्द्रित किए रखना
नहीं है बल्कि उसकी नीति का लक्ष्यी-
करण तो उन वंचितों एवं हाशिये पर
पहुंचे लोगों को सहायता प्रदान करना है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

जिन्हें सहायता की गहन आवश्यकता है। निम्नतर नागरिकों के साथ किया गया व्यवहार ही शासन/राष्ट्र के स्वरूप का निर्धारण करता है।

मिल का कथन है कि 'मैं किसी भी राष्ट्र के विकास का स्तर उससे मापता हूँ कि वह राष्ट्र कैदियों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' फिर इसका भारतीय वर्जन अम्बेडकर ने महिलाओं की स्थिति एवं सभ्यता के स्तर के आधार पर पेश किया

वर्तमान युग में जहाँ क्रोनी-कैपटिलिज्म का दौर चल रहा है एवं विकास असमावेशी एवं बहिष्करण प्रवृति का है। नेलसन मंडेला का यह कथन नीति निदेशक तत्व की के समान है कि राज्य किस प्रकार लोक कल्याणकारी नीति के साथ सबका साथ-सबका विकास जैसे क्रियान्वयन कर प्रत्येक व्यक्ति को शासन-प्रशासन का लाभ प्रदान कर विकास का अवसर दे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (b) The highest education is that which does not merely give us information but makes our life in harmony with all existence. Rabindranath Tagore (10)

शिक्षा का एक महत्वपूर्ण कार्य हमारे जीवन शैली, निर्देशात्मक मूल्यों एवं चिंतन प्रक्रिया को आकार प्रदान करना है।

टैगोर जी के अनुसार शिक्षा केवल जानकारी के भण्डारण का माध्यम नहीं है अपितु उसका सम्बंध हमारे चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व से है एवं यह व्यक्ति के अन्दर सहिष्णुता, संतुलन एवं सह-अस्तित्व जैसे गुणों को उत्पन्न करती है।

शिक्षा के आधार पर व्यक्ति में ऐसी क्षमता का विकास होता है कि वह अन्य विचारों को सुनने एवं संवाद करने की स्थिति में होता है। शिक्षित व्यक्ति से ही आशा की जा सकती है कि वह

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

स्वयं के जीवन को निरपेक्ष मानने के बजाय समाज एवं संबद्ध वर्ग के साथ संतुलित करें।

वस्तुतः टैगोर महोदय के अनुसार शिक्षा का श्रेष्ठतम रूप का सम्बद्ध व्यक्ति की व्यक्तिगत चारित्रिक क्षमताओं का संवर्द्धन है।

वर्तमान में मूल्यविहीन शिक्षा प्रणाली जिसका उद्देश्य गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा में येन केन प्रकारेण नौकरी प्राप्त करना एवं रचना का आधार आर्थिक उपयोग करना है ऐसे आवरण में स्वयं शिक्षा के इतर एवं नकारात्मक रूप से बेहतर पक्ष को प्रकट करता है। वस्तुतः ऐसी श्रेष्ठतम शिक्षा वर्तमान में बढ़ते अपराधों, घृणा अपराध, मॉब लिंचिंग एवं असहिष्णुता हेतु निवारक का कार्य करेगी एवं निःसंदेह ही इन गुणों के अभाव में हम केवल और चतुर ठगों/अपराधियों का निर्माण करेंगे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (a) For achieving success, attitude is equally, if not more important than ability. Discuss with the help of examples from your daily life. (10)

अभिवृत्ति से तात्पर्य किसी कार्य, वस्तु एवं व्यवहार के प्रति व्यक्ति की पसंद-नापसंद की मानसिक प्रक्रिया है जो व्यक्ति के व्यवहार पर दिशासूचक प्रभाव उत्पन्न करती है। उदाहरण- खेलों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति

वहीं क्षमता किसी कार्य को सम्पादित करने का विशिष्ट गुण है। उदाहरण- तेज दौड़ना।

सफल होने में अभिवृत्ति एवं क्षमता की भूमिका

1) यदि दोनों सकारात्मक हों तो सफलता के आसार बढ़ जाते हैं उदाहरण हेतु तेज दौड़ने की क्षमता वाला बालक यदि खेलों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रखता है तो वह इस क्षेत्र में कीर्ति प्राप्त करता है क्योंकि दो सकारात्मक ऊर्जा जुड़ चुकी है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) दोनों नकारात्मक होने पर असफलता के आसार अधिक है क्योंकि कार्य हेतु प्रेरणा एवं योग्यता दोनों उपलब्ध नहीं है। उदाहरण- परीक्षा से डरने वाले विद्यार्थियों का पढ़ाई ही न करना एवं स्कूल छोड़ना

3) द्विध्रुवीय दशा होने पर

विकृत परिणाम होते हैं एवं नुकसान अधिक है।

उदाहरण हेतु लोक सेवा मूल्यों के प्रति नकारात्मक अभिवृति रखने वाले उम्मीदवार का लोक सेवा परीक्षा अभ्यर्थी के रूप में साक्षात्कार देना। क्षमता एवं ज्ञान की उपस्थिति है।

चयन होने पर भ्रष्टाचार की संभावना बनी रहती है। इस प्रकार भूमिका निर्वहन द्वारा अभिवृति में परिवर्तन।

वस्तुतः अभिवृति हमारे व्यवहार एवं मानसिक वातावरण को प्रभावित कर सफलता असफलता में एक महत्वपूर्ण कारक की भूमिका निभाती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (b) The core of high Emotional Intelligence is self-awareness. If you don't understand your own motivations and behaviours, it is nearly impossible to develop an understanding of others. Discuss with the help of appropriate examples. (10)

भावनात्मक समझ वह क्षमता है जो स्वयं तथा अन्यों के संवेगों को जानकर, समझकर एवं प्रबंधित कर तार्किक प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने में व्यक्ति को सक्षम बनाती है।

डेनियल गोलमेन एवं पीटर सोलवी के अनुसार भावनात्मक बुद्धिमत्ता (EI) विकसित करने का प्रथम चरण है - आत्म जागरूकता

खुद के संवेगों को जानने की कौनसे संवेग (क्रोध, प्रेम, घृणा, परानुभूति) अधिक प्रभावी हैं एवं किन दशाओं में यह अधिक अभिव्यक्त हो जाते हैं?

चूंकि व्यक्ति जब स्वयं के इन संवेगों से साक्षात्कार करता है एवं इनकी गहनता का आकलन करता है तो सर्वप्रथम

इसकी प्रबंधन प्रक्रिया शुरु होती है जो भावी आधार है क्योंकि- उदाहरण हेतु -

क्रोध का अप्रबंधित संवेग सामाजिक व्यवहार एवं सम्बंध प्रबंधन को प्रभावित कर भावी प्रक्रिया को ध्वस्त कर देगा

प्रेम या आकर्षित वर्ग विशेषीय पूर्वाग्रह के कारण सम्बद्ध वर्ग के उचित आकलन को दुष्प्रभावित करेगी एवं पक्षपात का व्यवहार होगा।

फलतः इन व्यक्तिगत संवेगों का नियंत्रण आवश्यक है जिससे वंचित वर्ग के व्यवहार अभिप्रेरणा को स्वीकरण का स्थान एवं उनके विश्लेषण का मानसिक वातावरण स्वयं को प्राप्त होता है।

वस्तुतः अन्यों को जानने हेतु सर्वप्रथम स्वयं का साक्षात्कार कर स्वयं को प्रबंधित करें अन्यथा दोनों उद्देश्य विफल हो जायेंगे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5 **(a)** What do you understand by Integrity Pacts? Highlight the role they can play in bringing transparency in allotment of public contracts and ensuring proper utilization of public funds in India. **(10)**

सत्यनिष्ठा समझौता किसी लोक निकाय द्वारा बहुदलीय समझौता करते समय ऐसे उपकरणों को अपनाना है जिससे भ्रष्टाचार की रोकथाम कर शुचिता युक्त संविदा का निर्माण हो सके।

भारत में सार्वजनिक अनुबंधों के आवंटन में पारदर्शिता लाने एवं सार्वजनिक निधि के प्रयोग में सत्यनिष्ठा समझौते की भूमिका

1) संविदा आवंटन का पारदर्शी स्वरूप एवं ~~वस्तुस्थ~~ वस्तुनिष्ठता का सृजन

2) संविदा में कार्यकारी भूमिका की स्पष्टता पाया जाना फलतः संविदा पालन एवं गुणवत्ता में वृद्धि

3) हित संघर्षों का समाधान एवं स्वच्छता

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

का विकास के कारण भ्रष्टाचार की न्यून संभावनाएँ

4) निगरानी तत्व एवं समीक्षा प्रणाली के निर्माण द्वारा सूचना प्रवाह द्वारा पारदर्शिता

निधि के अनुचित उपयोग सम्बंधी

5) पारदर्शिता द्वारा निर्माण तंत्र भी संविदा के क्रियान्वयन एवं पूर्वनिर्धारित निधि उपयोग के उत्तरदायित्व का सृजन करता है।

6) IT चैंटर, सिविल समाज की भूमिका इत्यादि द्वारा करार को जन सहभागी बनाना

अतः यह भारत में भ्रष्टाचार की रोकथाम, कांट्रेक्ट के सफल क्रियान्वयन एवं निधियों के अनुचित उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. (b) In the context of rapid technological change, discuss the significance of inculcating moral and spiritual values in educational institutions. (10)

श्रेष्ठतर शिक्षा का उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व विकास द्वारा ऐसे मूल्यों को आत्मसातमीकृत कराना है जिसका उपयोग सामाजिक प्रशासन एवं राष्ट्रीय उत्थान में हो सके एवं सहिष्णुता, अहिंसा, सत्य, प्रेम, करुणा, संवेदना एवं सर्वजनसुखिवाद जैसे विचार सतत रूप से बने रहें।

तकनीकी परिवर्तन के चलते बढ़ते व्यक्तिवाद एवं उपभोक्तावाद, साइबर जगत के चलते बढ़ती अमानविता के आलोक में शैक्षणिक संस्थान नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को इस प्रकार अंतर्निविष्ट करा सकते हैं।

1) अध्ययन सामग्री के स्तर पर महानायकों एवं विचारकों के ज्ञान के सम्पर्क में लाना उदा. गांधी जी के अहिंसा एवं अम्बेडकर की समानता के मूल्य से परिचित कराना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. करने से सीखना अर्थात् ऐसे सामाजिक कार्यों में लगाना उदा. NSS कैम्प, पुनर्वास एवं राहत कार्य मे छात्रों की टीम को लगाना

3. सम्मेलन, बैठकों एवं भाषण के स्तर पर मूल्यांकन का प्रयोग करना

4. खेल-भावना के आधार पर समूह भावना विकसित करना

5. वाद-विवाद एवं विमर्श का मंच प्रदान कर बहु-कल्चर द्वारा 'सहिष्णुता' के मूल्य को बढ़ाना।

6. शिक्षक का सम्पर्क एवं व्यवहार के रूप में शिक्षक के व्यक्तित्व का प्रभाव

वस्तुतः शैक्षणिक संस्थान को यह पर्याप्त अवसर प्राप्त है जो छात्रों एवं उनके माध्यम से समाज को मूल्यों के संकट से बचाए एवं मूल्यों को अन्तर्निविष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका सम्पादित करें।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. Explain the main elements of integral humanism as propounded by Deen Dayal Upadhyay and highlight its contemporary relevance. (10)

दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद की अवधारणा संतुलन एवं सह अस्तित्व पर आधारित है।

उनके अनुसार जिस प्रकार मानव का एक शरीर विविध अंगो से मिलकर एकता को प्रकट करता है उसी प्रकार भारतीय समाज भी विभिन्न तत्वों द्वारा निर्मित है एवं सबकी विशिष्ट भूमिका एवं महत्व है।

एकीकरण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गंगा अन्य सभी नदियों को खुद में समेट कर सभी गन्दगी को स्वच्छ कर देती है भारतीय संस्कृति भी वही सौ सभी को मिलाकर एक स्वच्छ रूप प्रदान करती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

P.D.D.U.

एकात्म मानववाद द्वारा पंडित ने संतुलन पर बल दिया आर्थिक दृष्टि से पूंजीवाद एवं साम्यवाद की अतियों से बचने की आवश्यकता पर बल दिया एवं ऐसी प्रणाली अपनाने की सलाह दी जो भारतीयों के अनुकूल हो।

वस्तुतः समकालीन समाज में जहाँ व्यक्तिवाद के चलते व्यक्ति समाज से अपनी शक्ति एवं आत्मनिर्भरता को खत्म चुका है आर्थिक प्रणाली जो केवल लाभ पर केन्द्रित हो समाज में घृणा अपराध एवं भीड़ हत्या का समर्थन करता है (एकात्म मानववाद) सहिष्णुता, समझ, संतुलन एवं सादगी के गुणों द्वारा समाज की स्वरूप निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. It is imperative for a country like India, that code of ethics should be implemented for civil servants on social media platforms as well. Discuss. (10)

आचार संहिता से अभिप्राय ऐसे संहिता-बद्ध नियमावली से है जो लोक-सेवकों के अपेक्षित व्यवहार के सम्बंध में क्या करना है एवं क्या नहीं करना है का निर्धारण करती है।

वस्तुतः एक संवैधानिक लोकतांत्रिक देश में, जहाँ सभी नागरिकों को मूल अधिकार प्राप्त है एवं व्यक्ति को वाक् अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की गयी, सोशल मीडिया पर लोक सेवकों हेतु आचार संहिता लागू करना चर्चा का विषय है।

पक्ष

लोक-सेवक सरकार का अंश है एवं यह सोशल-मीडिया में अनावश्यक जानकारी प्रकाशन, वहन द्वारा सरकारी कार्य को बाधित कर सकता है अतः नियमन आवश्यक

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- सरकार की सार्वजनिक आलोचना नीति क्रियान्वयन को बाधित कर सकती है जबकि लोक सेवक संगठन के स्तर पर स्वयं नीति निर्माण का भाग है।

- प्रशासनिक अनुशासन भंग कर कार्य संस्कृति को दुष्प्रभावित कर सकता है अतः सोशल मीडिया पर आचार संहिता लागू करना आवश्यक ताकि इसका नियंत्रित उपयोग संभव हो

विपक्ष

किंतु मूलाधिकारों का हनन जो उन्हें नागरिक के रूप में प्राप्त है साथ ही सरकार गुणात्मक आलोचना से वंचित रह जाएगी।

वस्तुतः चूंकि लोक सेवकों को सरकार को फीडबैक प्रदान करने के वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होते हैं अतः उचित आयाम के आचार संहिता को लगाया जा सकता है किंतु इसकी प्रकृति अत्यधिक आक्रामक न हो।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. Discuss how effective corporate governance can ensure the equitable treatment of all stakeholders. (10)

प्रभावी कॉरपोरेट गवर्नेन्स (Cg) से तात्पर्य पारदर्शिता, वस्तुनिष्ठता एवं नियमों के आधार पर कम्पनी का संचालन है जिसमें हितधारकों की हित संवृद्धि हेतु प्रयास किया जाता है एवं कम्पनी संचालन में नैतिक व्यवहार को अपनाया जाता है।

Cg एवं हितधारकों के साथ न्याय-संगत व्यवहार

1) कम्पनी की स्थिति-नीति एवं भावी रणनीति के सम्बन्ध में हितधारकों के साथ मिलकर साझी-समझ विकसित कर उनकी भागीदारी के अधिकार की रक्षा एवं निर्णयों का लोकतंत्रीकरण

2) स्वतंत्र लेखा परीक्षकों एवं सूचना प्रकटीकरण द्वारा पारदर्शिता का सृजन करने से

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

हितधारकों को निर्णयन का प्रभावी अवसर

3) नियम आधारित प्रणाली के कारण भ्रष्टाचार की रोकथाम एवं शुचिता का सृजन। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद आपूर्ति

4) निधियों का अनुचित उपयोग एवं हितधारकों के आर्थिक अधिकार की रक्षा।

5) Cg की दशा में प्रबंधकीय वर्ग पर अन्य हितधारकों का विश्वास एवं उन्हें कार्य एवं निर्णयन का उचित वातावरण मिलना

6) Cg द्वारा कम्पनी का स्वच्छ संचालन एवं कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा

वस्तुतः Cg निवेशकों, ग्राहकों, कर्मचारियों तथा प्रबंधन प्रत्येक वर्ग हेतु न्याय संगत दशा उत्पन्न करती है जिसके आयाम में कम्पनी संचालन द्वारा सभी के हितों की पूर्ति होती है

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION – B

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

**9.** You are posted as the Superintendent of Police (SP) in a district of a state where alcohol prohibition has been imposed recently. The District Excise department has conducted many raids and seized liquor in large quantities, for which it has received state-wide public appreciation. A few months later reports surface in the media that in this district, hundreds of seized bottles of illicit liquor are missing from the government malkhanas or stores. As a result, the government is left red-faced. You are asked by the DM, who is the overall in-charge of the district excise setup, to investigate the matter. Upon investigation, you unearth a nexus of politicians and government officials who smuggled seized liquor and sold it through spurious means both inside and outside the state.

In this context, evaluate these options:

1. Report your findings to the DM and seek instructions for further actions, stating clearly the criminal offences committed prima facie.
2. Charge all accused under legal provisions and let the law take its own course.
3. Being aware of the seriousness of the matter, discretely put the detailed investigation report in the public domain and expose the nexus.

Also, suggest, without restricting yourself to the given options, the final course of action that you would prefer. **(20)**

उपर्युक्त प्रकरण के अन्तर्गत शासन में भ्रष्टाचार की घटना, राजनीतिक गठजोड़ के चलते शराब का रिसाव होने के साथ बिक्री द्वारा शराबबंदी कानून का उल्लंघन हुआ है एवं शराब जब्ती के सांगठनिक कार्य को विफल बनाया गया है –

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

विकल्प

(1) DM के समक्ष निष्कर्ष प्रतिवेदन रखेंगे एवं भावी कार्यवाही का निर्देश मांगेंगे

गुण - यथास्थिति का विवरण प्रदान करने से स्थिति की गंभीरता का प्रकटीकरण

भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही का आधार एवं भावी कार्यवाही का विकल्प मौजूद

दोष - संगठन में अपराधी सम्बंध उप्र-भावित एवं राजनीतिक दबाव की आशंका।

2. सभी आरोपियों को कानूनी प्रावधानों के अन्तर्गत अभियुक्त बनाऐंगे एवं कानून को अपना कार्य करने देंगे

गुण - विधि के शासन की स्थापना

भ्रष्टाचार पर रोकथाम

संगठन हेतु एक उदाहरण साबित होगा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कानून द्वारा न्याय की स्थापना
दोष- प्रथम विकल्प के समान होंगे।

3) प्रकरण की गंभीरता से अवगत होने के नाते जांच को अलग सार्वजनिक ~~विभा~~ डोमेन मे रखेंगें और जांचगाह का खुलासा।

गुण- घटना का पर्दाफाश करने से आम जनता जागरूक होगी एवं आरोपी बच नही पायेगें।

प्रकरण की गंभीरता एवं राजनीतिक संलग्नता के आलोक में जन दबाव उत्पन्न कर यह हल प्रदान करेगा।

भावी अत्याचार हेतु प्रतिरोध का कार्य करेगा।

दोष- लोक सेवा में अनुशासनहीनता एवं व्यवस्था के प्रति अविश्वास को इंगित करता हैं।

सम्बंधो के खराब होने एवं पद

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

जांच के साथ ही आचार संहिता के आधार पर कार्यवाही की जा सकती है।

वस्तुत: इस सम्बन्ध में मेरा कार्य प्रकरण की जांच करना है एवं मैं निष्पक्ष जांच प्रक्रिया द्वारा अभियुक्तों को नामित कर भावी कार्यवाही हेतु साक्ष्यों के साथ रिपोर्ट DM को उपलब्ध कराऊंगा फलत: निष्पक्ष एवं सर्वाधिक उचित एवं नैतिक कार्यवाही होगी।

यह प्रशासनीय अनुशासन, पदानुक्रम प्रणाली एवं न्याय में विश्वास जैसी कार्य संस्कृति का निर्माण करेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** You are posted as a District Magistrate in a Left Wing Extremism (LWE) affected district. The district has witnessed many instances of violence by the naxalites in the past. It has been observed that instances of violence increase as the elections approach. You, as a Returning Officer, are responsible for the smooth conduct of elections. Soon after the announcement of elections, the naxalites gave a call for their boycott and have been threatening people to stay away from them. The people of the district are eager to exercise their voting rights but are scared of the impending acts of violence. Further, with threat to their lives and a low expected turnout, the other electoral officers are also reluctant to go to these areas.

In this context, answer the following:

**(a)** Identify the civil service values that are crucial for working in such adversities.

**(b)** Suggest a plan of action to ensure the conduct of free and fair elections in such a situation. **(20)**

प्रस्तुत प्रकरण के अन्तर्गत विपरीत दशाओं में लोक सेवा के प्रति समर्पण का मुद्दा संलग्न है जहाँ भय के प्रभाव में निर्वाचन अधिकारी अपने दायित्व निर्वहन में हिचक रहे हैं साथ ही लोगों द्वारा चुनाव प्रक्रिया में कम रुचि दिखाई जा रही है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(a) एक लोक सेवक का कर्तव्य प्रत्येक दशा में लोक सेवा के कार्य को सम्पादित करना एवं सामाजिक संगठनात्मक उद्देश्य को प्राप्त करना है।

मूल्य जो प्रशासन में कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक है-

नेतृत्व — निर्वाचन अधिकारियों को प्रेरित करना एवं आशावादिता का सृजन करना उद्देश्य के प्रति संचारित करना

लोक सेवा के प्रति समर्पण — उच्च अर्थ के साथ परिश्रम कार्य को सम्पादित कर लोक सेवा के साथ नागरिक की भूमिका को सम्पादित करते हुए लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करना

भावनात्मक अभिरूचि — सहकर्मियों एवं लोगों की भावना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

को समझकर उन्हें प्रेरित करना साथ ही अभिप्रेरणा द्वारा उन्हें कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित करना।

प्रत्यायन प्रभावी वाक् शैली एवं सम्प्रेषण ~~कार्य~~ कला द्वारा भय को कम करना संदेश को लोगों तक पहुंचाना

वस्तुतः इन शब्दों को पाया जाता लोक सेवक में अपेक्षित है जो प्रतिकूल स्थितियों में सकारात्मक परिणाम उत्पन्न कर सके।

(b) कार्य योजना के सन्दर्भ में

(1) सर्वप्रथम निर्वाचन अधिकारियों के भय को समाप्त कर उन्हें क्षेत्र में जाने हेतु तैयार किया जाए इनके लिए आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) हिंसा की घटना की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग एवं तैनाती की जाए

(3) जिले के महत्वपूर्ण व्यक्तियों, NSO एवं सिविल समाज का सहयोग लिया जाए

(4) हिंसा गतिविधि के परिणामों एवं कार्यवाही का प्रचार कर आम जनता को सख्त संदेश दिया जाए

(5) लोगों को मतदान की महत्ता के बारे में जागरूकता उत्पन्न की जाए

वस्तुतः इन उपायों द्वारा शांत एवं निष्पक्ष चुनावों का आयोजन कर लोकतंत्र की रक्षा के साथ प्रशासनिक क्षमता को भी सिद्ध किया जा सकेगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. You are posted as a District Magistrate in a district, where many large factories and commercial establishments are located. One such factory is owned by one of your close friends. You visit each other's home frequently and are often seen in public together.

Recently, media reported about poor working conditions in your friend's factory. Upon enquiry with the labor office, you come to know that the factory has witnessed frequent labour unrests in the past as well. However, the labour officer told you that he was hesitating to take any action due to your proximity with the owner of the factory. With reference to the facts of the case, answer the following questions:

**(a)** Identifying the stakeholders and public cause, discuss the ethical issues involved in the case.

**(b)** As the District Magistrate, what appropriate course of action will you take? Give reasons for the same. **(20)**

प्रस्तुत प्रकरण के अन्दर मेरे मित्र के कारखाने में खराब श्रमिक दशा एवं अनुचित प्रशासनिक कदम न उठाए जाने का मामला सामने आया है। प्रस्तुत यह प्रकरण हित संघर्ष, वस्तुनिष्ठ प्रशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ उत्कृष्ट सामाजिक सम्बंध को बनाये रखने की दुविधा से सम्बंधित है।

(2) हितधारक

कारखाने के श्रमिक जिन्हें खराब श्रमिक दशा का सामना करना पड़ रहा है।

कारखाना मालिक अनुचित दशा उपलब्ध कराने का दायित्व एवं औद्योगिक क्षेत्र

श्रम विभाग जिनसे उत्कृष्ट कार्यवाही की अपेक्षा थी

मैं स्वयं मित्र के साथ हित संघर्ष एवं DM के तहत श्रमिकों को न्याय दिलाना

सार्वजनिक हेतु

श्रमिकों को काम की उचित दशा प्रदान किया जाए एवं शिकायतों का निपटारा बिना किसी पूर्वाग्रह के हो एवं पक्षपात हीनता का परिचय दिया जाए

नैतिक मुद्दे

(i) श्रम की आवश्यक रक्षा एवं न्याय की स्थापना।

(ii) औद्योगिक शोषण एवं पूंजीपति द्वारा बाल श्रमिकों/अधिकारों का हनन

(iii) प्रशासन का निषेधात्मक स्वरूप एवं पक्षपात

(iv) कर्तव्यों का क्रियान्वयन एवं निष्पक्षता

(b) जिला मजिस्ट्रेट के रूप में मेरा दायित्व है कि श्रमिकों की शिकायत को सुना जाए एवं समुचित कदम उठाए जाए।

इसके लिए मैं श्रम अधिकारी को को विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार करने हेतु कहूंगा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

जिसमें सभी पक्ष के विचारों का समावेशन हो।

प्रतिवेदन के आधार पर मैं भावी निर्णय करूंगा।

यदि आवश्यकता पड़ती है तो बिना किसी संकोच के आरोपी मजिस्ट्रेट पर कार्यवाही की जाए

कारण

- लोक सेवा एवं न्याय प्रथम उद्देश्य
- वस्तुनिष्ठ आचरण अनुशासन हेतु आवश्यक
- वंचित वर्गों के कल्याण हेतु कदम उठाना लोक सेवा मूल्यों के अनुकूल
- पक्षपातपूर्ण कार्यवाही नहीं एवं वस्तुनिष्ठ आचरण

वस्तुतः प्रेम के कार्यों का कर्तव्यपूर्ण
आचरण स्वरूप की मांग है जिसका
संचालन मानवों के कल्याण हेतु
किया जाना चाहिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**12.** You are a resident of a remote tribal district, where there is high incidence of malnutrition. As a remedial measure, the District Magistrate has initiated a programme to promote millet cultivation, especially on the lands currently lying fallow in the district.

However, this well-intentioned move of the officer receives flak from the local tribals as this may not only change their age-old food habits, but also alter their traditional agricultural practices. They further cite lower remunerative prices of millets as another reason for continuing with their existing crop production pattern.

As a civil servant aspirant, who has a keen interest in development of tribal areas, answer the following questions:

**(a)** What according to you are the key issues and challenges involved in the above situation?

**(b)** Identify the key stakeholders and their respective interests.

**(c)** Suggest a course of action that the District Magistrate can take keeping in mind the larger tribal interests. **(20)**

प्रस्तुत प्रकरण में प्रशासनिक कार्यान्वयन में अपेक्षित जन सहयोग की कमी का मामला है जहाँ पर्याप्त सहमति के बिना बदलाव करने का विरोध जनता द्वारा किया जा रहा है।

यह आपसी संवाद एवं सहमति न बन पाने की कमी को इंगित करने वाला विषय है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

a) प्रमुख मुद्दे एवं चुनौतियाँ

- निर्णयन पूर्ण विचार विमर्श एवं
- सहमति का न बन पाना
- मत सहभागिता का मुद्दा
- नीति का विरोध एवं कार्यान्वयन में बाधा
- कृषकों की आर्थिक सुरक्षा एवं उत्पाद कीमतों का मुद्दा
- खाद्य सुरक्षा एवं फसल चयन के साथ ही कृषि पद्धति के खतरे की संभावना
- प्रयोजन की समस्या के समाधान में प्रशासन की भूमिका का मुद्दा एवं कार्यप्रणाली का चयन

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) प्रमुख हितधारक एवं हित

i) बच्चे एवं महिला - कुपोषण एवं खराब स्वास्थ्य

(ii) आदिवासी समाज - कम साक्षरता औसत एवं आर्थिक क्षुद्रता

(iii) आदिवासी समुदाय - खान-पान आदत की संस्कृति

(iv) प्रशासन - कुपोषण समाप्ति नीति का सफल क्रियान्वयन

(v) जिला अधिकारी - सहमति बनाकर नीति का क्रियान्वयन

(c) वस्तुतः इस सम्बंध में मैं लोगों के मन को समझने एवं हल करने का प्रयास करूंगा।

स्पष्ट फसलों की बाजार की श्रेणी के लाभ क्या होंगे? एवं यह किस प्रकार कुपोषण को हल कर उनके स्वास्थ्य सम्बंधी खर्च एवं भार को कम कर उनके आर्थिक उत्थान में सहयुक्त होगा।

इसी प्रकार यह खाद्य-पान आदत की विकृति नहीं अपितु संतुलन है।

इस प्रकार विभिन्न रूप से आदिवासी समुदाय की शंका को समाप्त करेगा। इसके लिए सिविल समाज, स्थानीय नेता इत्यादि का भी सहयोग लिया जाएगा।

इस प्रकार सार्वजनिक हित के आलोक में नीति का संचालन कर कुपोषण की समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठा सकेंगे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**13.** You have recently been posted as a District Labour Officer in a state, which derives a substantial revenue from tourism. You come to know that a big hotel in the area has not been paying wages as per the Minimum Wages Act. The hotel owner is a powerful local leader having contacts with many influential officials of the state. You have the power to take sou-moto cognizance of such violations and accordingly you initiate a preliminary enquiry into the matter. However, no worker is willing to come forward to lodge a formal complaint because they fear loss of employment. Meanwhile, your action has attracted notice of the higher authorities, and you are advised to drop the matter altogether. You are deeply concerned about the situation as it involves not only violation of the Minimum Wages Act but also denial of basic human rights of the worker.

**(a)** Identify the issues involved in the given case.

**(b)** Consider the options given below:

1. Follow the informal advise of the higher authorities.
2. Convince the owner of the hotel to take note of these violations and take appropriate remedial measures.
3. Submit a detailed report on the matter highlighting violations of workers' rights and seek formal directions from the competent authority.
4. Serve a notice to the hotel owner and initiate action as per your powers under the Minimum Wages Act.

Evaluate the merits and demerits of each of these options and suggest your preferred course of action, giving reasons. **(20)**

प्रस्तुत प्रकरण प्रशासन एवं राजनीति के गठजोड़ द्वारा भ्रष्टाचार एवं नियमों की अवहेलना के साथ ही दुष्प्रबंधन एवं नियमों की अवहेलना के प्रति प्रशासनिक उदासीनता को प्रकट करता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9) अंतर्निहित मुद्दे

(i) कुप्रबंध, कुशासन एवं भ्रष्टाचार से प्रशासन एवं राजनीतिक गठजोड़.

(ii) प्रशासन में राजनीतिक हस्तक्षेप

(iv) लोक सेवा मूल्यों की अवहेलना एवं वस्तुनिष्ठता का पालन नहीं बल्कि पक्षपात

(v) श्रमिकों का शोषण एवं अन्याय की दशा

(vi) प्रशासनिक समन्वय एवं सहयोग की समस्या अर्थात् कार्य-संस्कृति में विकृति

(vii) उच्चाधिकारियों का भ्रष्टाचारी होना एवं मूल कार्यों से पलायन

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b)

(i) औपचारिक परामर्श का पालन

गुण - पदसोपान एवं पदानुक्रम का पालन कर प्रशासनिक दबाव से दूर एवं कुशल सम्बन्ध स्थापित करना जिससे भावी लाभ प्राप्त हो सकता है

(दोष) - मूल्यों की अवहेलना एवं समस्या का बने रहना तथा भ्रष्टाचार का भाग बन जाना

2) उल्लंघन कर स्थापना हेतु सामना एवं अभ्यारोपण उपाय करना

गुण/दोष - सम्बन्ध मजबूत होंगे
उपाय हो पायेंगे
सकारात्मक उपाय होंगे

दोष - हल की गारंटी नहीं
विधि के समक्ष एकता का अभाव
पलायनवाद का प्रतीक
पक्षपात इंगित करता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3) ~~उ~~ नुगा - प्रशासनिक मानकों का पालन किया जाएगा
पारदर्शिता एवं न्याय की स्थापना
समुचित कार्यवाही
दोष - उच्चाधिकारी मिले हुए हैं सम्बंधों का अभाव होना एवं भावी उदाहरण

4) अन्तिम विकल्प सर्वाधिक उचित प्रतीत होता है जहाँ मामले पर त्वरित निर्णय कर अधिकारी हेतु सबक उदाहरण बन सकते हैं।
भावी उच्चाधिकारियों द्वारा कारण मांगने पर प्रतिवेदन को आधार के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**14.** You are the Chairman of a Committee, constituted by the government, to suggest measures to improve the quality of education in state-run schools. In view of the increasing dropout rate and the widening gap between students' learning ability in state-run and private schools, answer the following questions:

**(a)** Examine the role of government in the education sector, especially providing primary and secondary education through state-run schools.

**(b)** Identify the principles and values that would guide your recommendations in this regard.

**(c)** Suggest some ways in which quality of education in state-run schools can be improved. **(20)**

प्रस्तुत प्रकरण में शिक्षा व्यवस्था एवं छात्र अधिगम स्तर पर चिंता व्यक्त की गयी है एवं इसमें सुधार हेतु उपायों की मांग की गयी है –

a) <u>शिक्षा क्षेत्र में सरकार की भूमिका</u>

- सरकार द्वारा पाठ्यक्रम का निर्धारण किया जाता है –

- परीक्षा आयोजन एवं परीक्षाफल जारी किए जाते हैं। (बोर्ड परीक्षा)
- शैक्षणिक मानक निर्धारित किए जाते हैं।
- विद्यालयों में अध्यापकों की आपूर्ति हेतु भर्ती का आयोजन किया जाता है
- विद्यालय संचालन हेतु आवश्यक वित्त की आपूर्ति
- शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन एवं मानक निर्धारण (B.Ed)
- साक्षरता अभियान एवं बाल-विकास कार्यक्रमों का संचालन
- जाँच अधिकारियों की नियुक्ति
- शिक्षा नीति का निर्माण

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) नागरिकों के लिए सिद्धान्त

शिक्षा तक पहुँच को सरल करना

विद्यालयों का निर्माण

शिक्षा को समावेशी बनाना लैंगिक एवं

जातीय संदर्भों को समाप्ति

शिक्षा को व्यवसाय से जोड़ना - शिक्षा

स्तर में सुधार

शिक्षा को खेल एवं सह: गतिविधि

से जोड़ना - अर्निंग बाई - डुइंग

सह पाठ्यक्रम गतिविधियों से सुधार कर

ड्राप आउट को कम करना

अवसंरचना में सुधार करना एवं संसाधन

प्रदान करना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2047

अधिकार आधारित पहुंच

विकास एवं अवसर तक पहुंच

जनता निर्माण

(c) शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के उपाय

1) अवसंरचना में सुधार एवं ICT जैसी नवीन तकनीकों का प्रयोग

2) शिक्षक अनुपस्थिति को कम करना एवं उनकी कौशलता में सुधार

3) पाठ्यक्रम को रोचक बनाना

4) खेल आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ाना

5) NGO, नागरिक समाज का सहयोग प्राप्त करना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6) बी.एड कॉलेजों का उचित मानकीकरण एवं शिक्षकों का आदिक प्रशिक्षण

7) टीचर पैरेन्ट्स मीट का आयोजन कर समस्याओं को समझना

8) बच्चों में शिक्षा के महत्व को स्पष्ट करना

9) प्रदर्शन हेतु मॉडल स्कूलों का निर्माण एवं रैंकिंग प्रदान कर स्पर्धा आयोजित करना

10) पुरस्कार एवं दण्ड की नीति

वस्तुतः इन उपायों द्वारा लोक स्कूलों की शासन प्रणाली एवं अधिगम के सुधार कर शिक्षा की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार किया जा सकेगा।